हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

11 मॉडल स्कूल में एसडीएम ने ली विद्यार्थियों की क्लास



12 अतिक्रमण पर चला नप का हथौड़ा फुटपाथ पर लगे ...



केवल नाम ही काफी है...
रॉयल सागर चाय
REQUIRED : SALES PERSON
Mob: 92152-43212

## नांगल में बाबा जोतनाथ महाराज के वार्षिकोत्सव पर जागरण आज

**भिवानी।** गांव नांगल में हर वर्ष की भांति श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ बाबा जोतनाथ महाराज के मंदिर में भव्य वार्षिक उत्सव होगा। इस धार्मिक महोत्सव को लेकर नांगल के ग्रामीण व श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। श्रीश्याम दीवाना मंडल के अध्यक्ष सत्यवान सिंह नांगल ने बताया कि नांगल में आठ जुलाई की रात्रि को जागरण होगा। सत्यवान ने बताया कि नौ जुलाई को सुबह से प्रभु की इच्छानुसार भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि जागरण में मुख्य रूप से भजन गायक रमेश कलावड़िया एंड पार्टी पहुंचेंगी तथा अपनी मधुर आवाज में बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। वहीं मंदिर परिसर के पास बेहद सुंदर और आकर्षक मेले भी लगेगा, जो बच्चों व बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## पुलिस ने अवैध पिस्तौल सहित व्यक्ति को पकड़ा

**तोशाम।** मिरान-स्याहड़वा रोड पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने अवैध पिस्तौल के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना तोशाम पुलिस गश्त और वाहन जांच कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रह्मानंद कॉलोनी, पुंडरी निवासी शुभम उर्फ लाठर सफेद रंग की फोर्ड एंडेवर में अवैध हथियार लेकर स्याहड़वा की ओर से आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कड़ी कर वाहनों की जांच शुरू की। कुछ देर बाद बताए गए नंबर की एंडेवर को रोककर तलाशी ली गई। चालक सीट के पीछे बनी जेब से अवैध पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस द्वारा लाइसेंस या अन्य वैध दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने पिस्तौल को सील कर कब्जे में लिया तथा वाहन भी जब्त कर लिया।

### 60 पीस पिंघलकर बने एक बड़ा 'आइटम', चाकू से भी नहीं कट रहा

# 'पिन्नी' पिंघलकर बनी पानी, बच्चों की कैसे खुशहाल हो जिंदगानी

**नहीं हो रहा बच्चों को बंटवारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मिड डे मिल के तहत बच्चों को सप्ताह में एक बार दी जाने वाली गूंद की पिन्नी(गूंद की बफीर्) का पानी बन गया। गुणवता कमजोर या अन्य किसी कारण की वजह से पिन्नी का डिब्बे में ही पानी बन गया। हालात ये बने है कि पिन्नी के 60 पिसों का एक बड़ा सा आईटम बन गया। अब इस पिन्नी के बड़े आईटम को किस तरह से बच्चों में बांटा जाए। 60 पिन्नियों की एक पिन्नी बन गई,इसको चाकू की मदद से भी नहीं काटा जा रहा है। यह स्थिति जिन स्कूलों में पिन्नी की खेप पहुंची है। उन सभी में इसी तरह की स्थिति बनी है। ऐसे में किस तरह से बच्चों में वितरित किया जाए। फिलहाल स्कूल मुखिया डीईईओ से इस बारे में मार्गदर्शन मांग रहे है कि वे बच्चों में बांटे या फिर कम्पनी को वापस भेजे। स्कूलों में पिन्नी खोलने के बाद रखवा दी है।

बच्चों को हष्टपुष्ट बनाए जाने के मकसद से शिक्षा विभाग ने सप्ताह में एक बार बच्चों को पिन्नी (गूंद की बर्फी) दिए जाने की व्यवस्था की थी। पहले स्कूलों में वीटा के तहत वितरित करवाई जाती थी,लेकिन अब बीते छह माह से पिन्नी एचएआईसीएल कम्पनी स्कूलों में पिन्नी पहुंचा रही है। सर्दियों में प्रत्येक बच्चे को दो-दो पिन्नी दी जाती थी,लेकिन गर्मी के मौसम में प्रत्येक बच्चे को एक-एक पिन्नी दी जाने लगी। गर्मी की छुट्टियां खत्म होते ही स्कूलों में पिन्नी का स्टॉक पहुंचा। तो आज ही स्कूल में मिड डे मिल इंचार्ज ने पिन्नी का पैकेट खोला उसमें पिन्नी की गोल बर्फी की जगह पूरी ट्रे में एक आइटम बना हुआ मिला। शिक्षकों ने बच्चों में बांटने का प्रयास किया,लेकिन एक आईटम बनने की वजह से बच्चों में नहीं बांटी जा सकी। बाद में स्कूल मुखियाओं ने इस बारे में डीईईओ से शिकायत की,लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। फिलहाल जिन स्कूलों में पिन्नी का स्टॉक पहुंचा है। उन स्कूलों ने पिन्नी के पैकेट को दोबारा बंद करके अलमारियों में रख दिया है।





**भिवानी।** बच्चों में वितरित की जाने वाली कैरेट में रखी पिन्नी और सप्ताह में एक बार दी जाने वाली स्कूलों में भेजी गई पिन्नी।

### तापमान नीचे आने के बाद ही सही हो पाएगी पिन्नी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल ने बताया कि पिन्नी सर्दियों में दी जाती है,लेकिन उपर से मीनू के साथ पास है तो इस मौसम में भी भेज दी। पिन्नी में घी डाला जाता है। ज्यादा गर्मी होने की वजह से घी गर्म होने से पिन्नी भी पिंघल गई। तापमान नीचे आने के बाद ही सही हो पाएगी। उसके बावजूद भी वे मुख्यालय तक इस बात को पहुंचाएंगे।

### गुणवता पर उठे सवाल

जिस हिसाब से पिन्नी का पानी बना है। उससे उसकी गुणवता पर सवाल उठने लाजिमी है। क्योंकि पहले जो कम्पनी स्कूलों में पिन्नी भेजती थी। उन पिन्नियों में कभी भी इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई थी। मौसम चाहे कौन सा हो,लेकिन अब दूसरी कम्पनी आई है। उसने पिन्नी भेजनी शुरू की है तो उसमें पहली बार इस तरह की शिकायत आई है। कुछ स्कूलों में चॉकलेट में भी इसी तरह की समस्या होने की शिकायत मिली है। फिलहाल स्कूल मुखियाओं ने इस बारे में डीईईओ को सूचना दे दी है।

## मणप्पुरण फाइनेंस में 39.20 लाख रुपये के गोल्ड लोन धोखाधड़ी में तीसरा गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड की शाखा में नकली सोना गिरवी रखकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।



**भिवानी।** पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

- पूछताछ के लिए आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा एसपी कार्यालय में शिकायत दी गई थी कि कंपनी की दादरी शाखा में शाखा प्रबंधक, सहायक शाखा प्रबंधक तथा दो ग्राहकों ने आपसी मिलीभगत कर नकली एवं शून्य शुद्धता वाले आभूषणों को असली बताकर गोल्ड लोन स्वीकृत करवाया।

### पूर्व में शाखा प्रबंधक विजय एवं सुमित को किया जा चुका है गिरफ्तार

इस धोखाधड़ी से कंपनी को लगभग 39.20 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। शिकायत के आधार पर थाना शहर दादरी में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। बाद में मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई। जांच के दौरान संबंधित आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी, केवाईसी दस्तावेज, गोल्ड लोन से संबंधित रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, कंपनी के नियम एवं शर्तें तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज कब्जे में लिए गए। मामले में पूर्व में शाखा प्रबंधक विजय एवं सुमित को गिरफ्तार किया जा चुका है। सोमवार को आर्थिक अपराध शाखा दादरी में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र ने आरोपी अजय कुमार निवासी अटेला नया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के लिए आरोपी को दो दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## गांव दांग कलां में चली गोली, पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव दांग कलां में एक युवक ने दूसरे पर पीछे से गोली चला दी। घायल युवक को उपचार के लिए चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी बिंटू ने आरोप लगाया है कि गांव के ही युवक ने उस पर गोली चला दी। पीड़ित के मुताबिक करीब साल पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखे हुए था। बिंटू का आरोप है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने उस पर पीछे से गोली चला दी। गोली उसकी बगल को चिरते



हुए निकल गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। बिंटू हिसार स्थित लाला लाजपत राय विवि में कार्यरत है। पुलिस अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगी कि गोली लगी है या कोई नुकीली चीज।

# आईजी ने जिले की कानून व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सिमरदीप सिंह ने मंगलवार को दादरी जिले का दौरा कर पुलिस व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर थाने का निरीक्षण करने के साथ ही जिला पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण, महिला सुरक्षा, नशा तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई तथा नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए डिजिटल पुलिसिंग को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

सदर थाने के निरीक्षण के दौरान आईजी सिमरदीप सिंह ने थाने के अपराध रिकॉर्ड, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, असला गृह तथा अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया और रख-रखाव, रिकॉर्ड, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने थाने में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद करते हुए फ्रंटलाइन पुलिसिंग की गुणवत्ता, शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया, आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा त्वरित जवाबदेही की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।



**भिवानी।** दादरी सदर थाने का निरीक्षण करते हुए आईजी सिमरदीप सिंह।

### महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, फिरौती और लैंगिक अपराधों से जुड़े मामले लंबित न रखें

आईजी विशेष रूप से महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, फिरौती एवं लैंगिक अपराधों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में प्रत्येक पुलिस अधिकारी कानून के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने सदर थाने के अनुसंधान अधिकारियों के साथ बैठक कर विवेचनाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग करने, लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा प्रत्येक अनुसंधान को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## वेयर हाउस कार्पोरेशन के चेयरमैन रामकिशन शर्मा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

पूर्व सरपंच प्रतिनिधि विकास सांगवान डोहका हरिया ने वेयर हाउस कार्पोरेशन के चैयरमेन एडवोकेट रामकिशन शर्मा का सम्मान किया और कहा कि जो सरकार द्वारा जिम्मेदारी सौंपी है, उसको भी पहले की तरह ईमानदार तरीके से निभाने का काम करेंगे।

चैयरमेन 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन में एक भी धाग भ्रष्टाचार का नहीं लगने दिया और सभी को साथ लेकर चलने वाले इंसान हैं। उन्होंने कहा कि समाज की भलाई के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और जिलाध्यक्ष चरखी दादरी रहे तब विधायक भाजपा का नहीं बना तो भी दादरी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की ग्रांट जारी करवाकर गांव में विकास कार्य करवाएं। इस दौरान पूर्व सरपंच अजीत सिंह, पूर्व सरपंच सत्यवीर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि डुडीवाला नंदकरण, मुंशी प्रेमचंद, पूर्व सरपंच राजकुमार, पूर्व सरपंच अनिल, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सांगवान, पूर्व प्राचार्य रणबीर सिंह सांगवान व जागेराम आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** वेयर हाउस कार्पोरेशन के चैयरमेन एडवोकेट रामकिशन शर्मा का सम्मान करते ग्रामीण।

## पेट्रोल पम्प से फोन चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**शिक्षा बोर्ड के पास स्थित पंप पर पेट्रोल भरवाते समय महिला का फोन किया गया था चोरी**

पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 ने पेट्रोल पंप से महिला का मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता जितेंद्र, निवासी गांव संगरूर खास, ने थाना सिविल लाइन में दर्ज शिकायत में बताया कि वह पत्नी के साथ भिवानी आया था। शिक्षा बोर्ड के पास स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाते समय उसकी पत्नी बाथरूम जाने से पहले अपना मोबाइल फोन पानी की प्याऊ पर रख गई। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक मोबाइल चोरी कर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुख्य सिपाही अजय कुमार के नेतृत्व में सीआईए स्टाफ-2 की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को खरकड़ी फाटक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान समित पुत्र धर्मपाल और अंकित पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से बडाला के निवासी हैं और वर्तमान में डाबर कॉलोनी, भिवानी में रहकर वेल्डिंग का काम करते हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

## असुरक्षित बोरवेल व ट्यूबवेल को चिन्हित कर करें सील : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**बोरवेल आमजन, विशेषकर बच्चों के लिए बन सकते हैं गंभीर खतरा: डीसी**

डीसी साहिल गुप्ता ने मानसून के मद्देनजर खुले, लावारिस, अधूरे बोरवेल/ट्यूबवेल यानी असुरक्षित बोरवेल से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

डीसी ने कहा है कि खुले या असुरक्षित बोरवेल आमजन, विशेषकर बच्चों के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। ऐसे में सभी विभाग अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सर्वे कर अनुपयोगी, अधूरे अथवा खुले बोरवेल और ट्यूबवेल की पहचान उनको सुरक्षित तरीके से सील करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। भविष्य में किसी भी खुले बोरवेल को असुरक्षित ना छोड़ा जाए। बरसात के दौरान खुले व असुरक्षित बोरवेल हादसों का कारण बन जाते हैं। इसी के चलते डीसी ने खुले व असुरक्षित बोरवेल को सुरक्षित तरीके से सील करने के निर्देश जारी किए हैं। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों, नगर निकायों, पंचायत राज संस्थाओं एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को तीन दिन में अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की मीटिंग आयोजित

# बिजली निजीकरण और एग्रो डिस्कॉम के खिलाफ फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र के अंधाधुंध निजीकरण और एग्रीकल्चर डिस्कॉम कंपनी को जबरन थोपने की नीतियों के खिलाफ ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) के बैनर तले बिजली कर्मचारियों का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया है। सोमवार को रेस्ट हाऊस में यूनिट स्तरीय विरोध बैठक का आयोजन किया गया।

इस गरमागरम आक्रोश सभा की अध्यक्षता यूनिट प्रधान रविंद्र यादव ने की, जबकि मंच का तीखा संचालन राजेश दुल्हेड़ी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे यूनियन के राज्य ऑडिटर धर्मबीर सिंह भाटी, राज्य सचिव लोकेश, राज्य सीसी मैंबर चांदराम और सर्कल सचिव अशोक गोयत ने संबोधित किया।



### गुरुग्राम के दोनों सर्कलों से 42 प्रतिशत आय


वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा के बिजली निगम को सबसे ज्यादा रेवेन्यू देने वाले जिले गुरुग्राम के पावर डिस्ट्रीब्यूशन का लाइसेंस ऐसी निजी एजेंसी को देने का खेल चल रहा है, जो मात्र एक साल पुरानी है और जिसकी कुल पूंजी सिर्फ एक करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के दोनों सर्कलों से डीएचबीवीएन को अकेले 42 प्रतिशत आय होती है। सरकार इस सबसे मुनाफे वाले और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर वाले एरिया को निजी हाथों में सौंपकर सरकारी निगम को जानबूझकर कंगाल करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं और जनता के टैक्स के 1608 करोड़ रुपये के सरकारी खर्च से तैयार स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट का सीधा फायदा एक निजी कंपनी को मुफ्त की रेवड़ी की तरह बांटा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि एग्रो डिस्कॉम कंपनी से किसानों या आम जनता का कोई फायदा नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि जनता के खून-पसीने की कमाई को कौड़ियों के भाव निजी कंपनियों को बेचने की इस जिद के खिलाफ आंदोलन अब आर-पार का हो चुका है। यूनियन ने सरकार के 15 अगस्त को एग्रो डिस्कॉम लागू करने के मंसूबों को मिट्टी में मिलाने के लिए बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। बीते 16 जून को सभी सब-यूनिट स्तर पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया जा चुका है। 4 अगस्त तक प्रदेश की सभी यूनिटों में लगातार विरोध बैठकें और जन-जागृति सभाएं की जा रही हैं। इस अवसर पर सुखबीर सिंह, रामचंद्र, गोपाल, यशपाल, ललित कुमार, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट करने का चौथा आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- वृद्ध व्यक्ति से की थी 16 लाख 26 हजार की ठगी

थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक वृद्ध व्यक्ति से 16 लाख 26 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में महन रोड, भिवानी निवासी वृद्ध व्यक्ति ने थाना साइबर क्राइम भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) का अधिकारी बताते हुए कहा कि उसके विरुद्ध मुंबई में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज है तथा उसे डिजिटल अरेस्ट कर पूछताछ की जाएगी। आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 16 लाख 26 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत पर थाना साइबर क्राइम भिवानी में मामला दर्ज किया गया। मुख्य सिपाही रफीक ने माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर इस मामले के चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अनिल कुमार दयाल निवासी किशनगढ़, जिला जयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style

# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।




# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न


**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया



कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।

# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।



***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज


इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम
# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

***नई दिल्ली।** सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

हरियाणा की नई शिक्षा नीति के तहत आईएएस और एचसीएस अधिकारी करेंगे स्कूलों की जांच और लेंगे क्लास

# मॉडल स्कूल में एसडीएम ने ली विद्यार्थियों की क्लास

## अधिकारी-एक दिन शिक्षक अभियान को गंभीरता से लें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार आईएएस और एचसीएस अधिकारी अब स्कूलों में पढ़ाएंगे, शिक्षा व्यवस्था की जाँच करेंगे। जिला उपायुक्त साहिल गुप्ता ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और रिपोर्ट समय पर भेजें। एसडीएम संदीप कुमार ने मंगलवार को स्थानीय मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत अधिकारी-एक दिन शिक्षक अभियान शुरू कर दिया है।

हरियाणा सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई पहल शुरू की है। नई शिक्षा नीति के तहत अब आईएएस और एचसीएस अधिकारी स्कूलों में जाकर न सिर्फ व्यवस्था की जाँच करेंगे बल्कि बच्चों को कक्षा में पढ़ाएंगे भी। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर शिक्षा विभाग ने अधिकारी एक दिन का शिक्षक अभियान की शुरुआत की है। अभियान के मुख्य बिंदु अनुसार एसडीएम संदीप कुमार महीने में कम से कम एक सरकारी स्कूल का औचक निरीक्षण करके स्कूल में बिल्डिंग, सफाई, मिड-डे मील, टीचर अटेंडेंस और बच्चों की पढ़ाई की स्थिति चेक करके बच्चों को उनकी पसंद के विषय पर एक पीरियड जरूर पढ़ाएंगे। यह लक्ष्य बच्चों को प्रशासन, करियर और मोटिवेशन से जोड़ना है। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सहित स्कूल प्रिंसिपल व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।



तोशाम। स्कूल में बच्चों को पढाते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### फीडबैक रिपोर्ट

एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि निरीक्षण के बाद अधिकारी 48 घंटे के अंदर अपनी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। कमियों को 15 दिन में दूर किया जाएगा। वहीं अधिकारी अभिभावकों और शिक्षकों से बैठक कर स्कूल की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान का प्रयास करेंगे। इस कदम से अफसरशाही और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी कम होगी। अधिकारी खुद देखेंगे कि सरकारी योजनाएं धरातल पर कैसे काम कर रही हैं। इससे बच्चों को भी बड़े अधिकारियों से सीखने और प्रेरणा लेने का मौका मिलेगा। पहले चरण में ये अभियान 10वीं और 12वीं कक्षा वाले स्कूलों में शुरू किया गया है। धीरे-धीरे इसे सभी सरकारी स्कूलों में लागू किया जाएगा।


बवानीखेड़ा। पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# सुन्दर नहर में पर्याप्त पानी चलाने को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

नहर में पानी 42 दिन में भी पूरा नहीं आता

सुंदर नहर में 15 दिन पानी व पूरा पानी देने के लिये धरना 11वें दिन में के धरने अध्यक्षता जयवीर फौजी ने की। रतेरा के पूर्व सरपंच जगदीश सिंह ने कहा कि हम कई सालों से सुंदर नहर में पूरा पानी चलवाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं लेकिन अभी तक हमारी नहर में पानी 42 दिन में भी पूरा नहीं आता कभी एक दिन चलता है कभी दो दिन में बंद हो जाती है जिसके कारण वाटर टैंक भी खाली रह जाते हैं और लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ता है।जो कि बहुत महंगा पड़ता है। इसलिये सरकार समय रहते हमारी नहर में पूरा पानी दे नही तो इलाके की जनता बडा आंदोलन करने पर मजबूर होगी। इस अवसर पर चंद्रो, रुपा, कमला, निरमल, सावित्री, सरवन, निम्बों सुशीला, लखपति, बाला, रामप्यारी, लीलो, बाला, अखिल भारतीय किसान सभा तहसील प्रधान राजेश कूंगड़, प्रहलाद यादव, रामकुमार यादव, रमेशचंद्र गोयत, धनराज रतेरा, मामन रतेरा, सज्जन ढाणी किरावड़, गुलाबसिंह बोहल, सतपाल सिंह बोहल, जगदीश बोहल, बलवन्त बोहल,बहादुर अलखपुरा,बलवान जमालपुर आदि शामिल हुए।

## मतदाताओं से प्रपत्र निर्धारित समय में एकत्रित करें: महेश

**भिवानी।** एसडीएम एवं 57-भिवानी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी महेश कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बी ए ल ओ मतदाताओं से प्रपत्र एकत्रित करने का कार्य नि र्धा रि त समयावधि में पूरा करें। एसडीएम महेश कुमार ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि मृत मतदाताओं के नाम हटाने के लिए संबंधित मामलों में मृत्यु प्रमाण-पत्र (डेथ सर्टिफिकेट) अवश्य प्राप्त किया जाए या परिजनों से लिखित में प्रमाण लिया जाए।

- मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : एसडीएम

### एएसडी वोटर की सूची तैयार करें: एसडीएम

उन्होंने निर्देश दिए कि एबसेंट, शिफ्टिड और डुप्लीकेट वोटर यानि एएसडी वोटर की सूची तैयार करें, यह सूची भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सार्वजनिक की जाएगी और इस सूची पर दावे एवं आपतियां मांगी जाएंगी। दावों एवं आपत्तियों का सबूतों के आधार पर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समय-सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी निर्धारित समय के अंदर शत-प्रतिशत कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। सभी सुपरवाइजर यह प्रमाणित करेंगे कि उनके क्षेत्र में बीएलओ एवं बीएलए के साथ बैठक आयोजित हो चुकी है तथा बैठक की कार्यवाही (प्रोसिडिंग) पर सभी संबंधितों के हस्ताक्षर हों।

# एचटेट: परीक्षार्थियों को गलत पेपर थमाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- अध्यापक पात्रता परीक्षा में हुई घांधली की निंदा की

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी भिवानी 4 और 5 जुलाई को आयोजित हुई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में सामने आई अभूतपूर्व अनियमितताओं, धांधलियों और पेपर लीक के पुख्ता अंदेशों की कड़े शब्दों में निंदा करती है। पार्टी का मानना है कि यह घटना हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य और उनके आत्मसम्मान के साथ किया जा रहा एक और क्रूर खिलवाड़ है। माकपा जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश ने एक बयान जारी कर कहा कि रेवाड़ी, चरखी दादरी और कैथल समेत राज्य के दर्जनों परीक्षा केंद्रों से जो खबरें और तस्वीरें सामने आई हैं, वे बेहद चौंकाने वाली हैं। अभ्यर्थियों को बांटे गए प्रश्न पत्रों के पैकेटों की सील पहले से टूटी होना और प्रश्न पत्र के साथ ओएमआर शीट के सीरियल नंबर का मिलान ना होना साफ तौर पर इस बात का संकेत है कि परीक्षा की गोपनीयता को पूरी तरह से भंग किया जा चुका था। कई केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आधे-आधे घंटे की देरी से पेपर देना और गलत विषयों के प्रश्न पत्र थमा देना प्रशासनिक संवेदनहीनता और निकम्मेपन की पराकाष्ठा है। पार्टी ने रेखांकित किया कि देश में नीट जैसी परीक्षाओं में हुए राष्ट्रीय स्तर के घोटालों के बाद भी हरियाणा की भाजपा सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की डबल लेयर सिक्योरिटी और एआई सर्विलांस के बड़े-बड़े दावे महज कागजी साबित हुए हैं। सरकारी नौकरियों को ठेके पर देने या उन्हें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देना इस सरकार का मुख्य चरित्र बन चुका है।

# एचटेट परीक्षा में भारी कुप्रबंधन पर भड़की कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- वरिष्ठ नेता धीरज सिंह ने सैनी सरकार पर बोला हमला, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज सिंह

हरियाणा में 4 और 5 जुलाई को आयोजित हुई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में सामने आई भारी लापरवाहियों और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं ने प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया है। लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी इस परीक्षा में हुई ढिलाई और अभ्यर्थियों को झेलनी पड़ी प्रताडऩा के खिलाफ विपक्ष ने पूरी तरह से मोर्चा खोल दिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता धीरज सिंह ने सूबे की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इस पूरी परीक्षा प्रक्रिया को युवाओं के भविष्य के साथ एक क्रूर मजाक करार दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज सिंह ने परीक्षा के आयोजन पर गहरा रोष प्रकट करते हुए सैनी सरकार को प्रशासनिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अढाई लाख युवाओं ने इस पात्रता परीक्षा के लिए दिन-रात मेहनत की थी, लेकिन सरकार उन्हें एक सुचारू और मानसिक तनाव मुक्त माहौल देने में पूरी तरह नाकाम रही। उन्होंने कहा कि 4 और 5 जुलाई को आयोजित हुई एचटेट परीक्षा में जो कुछ भी हुआ, वह अत्यंत शर्मनाक है। डबल लेयर सिक्योरिटी और एआई निगरानी के बड़े-बड़े दावे करने वाली सैनी सरकार की पोल धरातल पर खुल गई है।

### पहले से टूटी थी पैकेट की सील

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों और जमीनी इनपुट्स के आधार पर इस बार की एचटेट परीक्षा में केवल प्रशासनिक ही नहीं, बल्कि तकनीकी और अकादमिक स्तर पर भी भारी अनियमितताएं देखने को मिली। कई केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि उन्हें जो प्रश्नपत्र दिए गए, उनकी सील पहले से ही टूटी हुई थी। इसके साथ ही कई जगहों पर गलत ओएमआर शीट बांट दी गई, जिससे परीक्षा शुरू होते ही केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परीक्षा केंद्रों में पूरी तरह से अव्यवस्था का आलम यह था कि कई सेंटर्स पर निर्धारित समय से काफी देरी से प्रश्नपत्र पहुंचे, जिसका खामियाजा सीधे तौर पर मानसिक तनाव के रूप में अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ा।



बाढ़ड़ा। कांग्रेस की नशामुक्ति संदेश यात्रा को संबोधित करते वक्ता।

# नशामुक्ति संदेश यात्रा से युवाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

- नशे की गिरफ्त में आए 50 प्रतिशत युवा : आयोजक

कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में पिछले 20 दिनों से जिले में चल रही नशामुक्ति संदेश यात्रा मंगलवार को गांव हसास खुर्द, चांदवास, नीमड़, बडेसरा, कांधड़ा एवं बेरला गांव में पहुंची। यात्रा के माध्यम से आयोजक दलीप सिंह सांगवान ने दावा किया कि समाज का 50 प्रतिशत युवा नशे की गिरफ्त में आ चुका है। सरकार की छत्रछाया में प्रदेश में चरस, हेरोइन, चिट्टा आदि नशा फैलाया जा रहा है, जिसकी गिरफ्त में एक बार आने के बाद बाहर निकलना नामुमकिन है।

उन्होंने कहा कि हालात ऐसे रहे तो आने वाले कुछ दिनों में पूरा समाज नशे की गिरफ्त में होगा और इसके लिए जिम्मेवार खुद सरकार होगी। भाजपा ने पहले समाज को जाती और धर्म के नाम पर लड़वाया और अब नशे की मार्फत समाज की संपूर्ण बर्बादी की पटकथा लिख दी गई है, ऐसी सरकार का एक दिन भी बने रहना देश के लिए खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने आमजन को जागृत करते हुए कहा कि अब समाज को खुद समझना होगा और नशे के प्रति जागरूक होना होगा। इस अवसर पर यात्री एडवोकेट सोमवीर शेषमा, अजीत सिंह आर्य जेवली, हरपाल सिंह, एवं सतपाल सरपंच, हवा सिंह रिटायर्ड प्राचार्य, ओम प्रकाश शर्मा, कंवर सिंह शास्त्री, संजय कुमार, प्यारेलाल, राजेश आदि मौजूद रहे।

# श्रम एवं भवन निर्माण कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का किया नागरिक अभिनंदन

- श्रम एवं भवन निर्माण मजदूरों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता : जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

हरियाणा श्रम एवं भवन निर्माण कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहतास जांगड़ा के सम्मान में आयोजित समारोह में श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंकुश मोरवाल मांढी ने की। कस्बे की अनाजमंडी में श्रमिक संगठनों द्वारा हरियाणा श्रम एवं भवन निर्माण कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहतास जांगड़ा के अभिनंदन में उपमंडल के श्रमिकों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर हड़ौदी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रहा है। कल तक श्रमिक केवल पेट भरने तक सीमित थे, वहीं आज यह वर्ग अपने आपको आत्मनिर्भर समझ रहा है, जो सरकार की जनहितैषी कदमों का परिणाम है। उन्होंने एसआईआर पर कहा कि सभी मतदाता अपने वोट का पंजीकरण अवश्य करवाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।


बाढ़ड़ा। श्रम एवं भवन निर्माण संघ के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का अभिनंदन करते श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जांगिड़ सभा अध्यक्ष मनोज डुडीवाला, जिलाध्यक्ष प्रेम जांगड़ा, वेदप्रकाश, विनोद खेड़ा, रामपाल कारी, रवि जांगड़ा दादरी, बीडीसी जगदीश, राहुल पहलवान, दिनेश कादमा, नवीन यादव, अशोक शर्मा , राजेश, शीशल कपूर, हजारी काकडोली सरदारा आदि मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। सफाई करते हुए नपा सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# मछली मोटर से निकाला जा रहा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- बवानीखेड़ा नगर में लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को मिली राहत

बवानीखेड़ा नगर में लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए नगर पालिका बवानीखेड़ा ने एक अनोखी पहल करते हुए मछली मोटर (हाई कैपेसिटी वाटर पंप) के माध्यम से सड़कों और बाजारों में जमा बारिश व गंदे पानी की निकासी का अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत पालिका कर्मचारियों ने नपा प्रधान सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग के आदेषानुसार मुख्य बाजार, सहकारी समिति के आसपास, वीके फोटो स्टेट कार्यालय के साथ तथा जलभराव वाले अन्य स्थानों पर विशेष पंप लगाकर पानी को तेजी से बाहर निकालने का कार्य शुरू किया।

मौके पर नपा सफाई दरोगा प्रदीप द्वारा कर्मचारियों संग मिलकर बड़े पाइपों के जरिए जमा पानी को निकासी स्थल तक पहुंचाया, जिससे सड़क पर आवागमन सुचारु होने लगा और दुकानदारों व राहगीरों को काफी राहत मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण रोजाना आवाजाही में परेशानी हो रही थी। कई स्थानों पर गंदा पानी जमा होने से बदबू और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा था। नगर पालिका द्वारा समय रहते शुरू किए गए इस अभियान से अब लोगों ने राहत की सांस ली है। नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि जहां-जहां जलभराव की शिकायतें मिल रही हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर मछली मोटर लगाकर पानी की निकासी कराई जा रही है। साथ ही नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

नगरवासियों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि जलभराव वाले सभी क्षेत्रों में इसी प्रकार त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### आरबीएसके योजना आरव के लिए बनी जीवनदान


बाढड़ा। गांव दगरौली निवासी छह वर्षीय आरव के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**बाढ़ड़ा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत गांव दगरौली निवासी छह वर्षीय मास्टर आरव को नया जीवन मिला है। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित आरव का गुरुग्राम स्थित नारायणा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सफलतापूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन किया। अब उसकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। आरव के जन्म से ही हृदय में छेद (वीएसडी) और हृदय वाल्व से संबंधित समस्या थी, जिसकारण उसे सांस लेने में परेशानी, कमजोरी और सामान्य शारीरिक विकास में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। आरबीएसके के तहत समय पर बीमारी की पहचान होने के बाद उसे उच्च संस्थान में रेफर किया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सफल हृदय शल्य चिकित्सा की। ऑपरेशन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपी की आरबीएसके टीम ने बच्चे के घर पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच की। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनमीत नेहरा, आरबीएसके चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र, एएनएम बबली और फार्मासिस्ट संजय ने बच्चे की रिकवरी का जायजा लिया।

**स्वास्थ्य जांच** — सिर में दर्द और आंखों की समस्या से जूझ रहे हैं ज्यादातर बच्चे

लड़कियों को मासिक धर्म के समय होने वाली समस्या के बारे में दी जानकारी

# सुई के राजकीय स्कूल में मेडिकल कैम्प में 150 बच्चों के स्वास्थ्य को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

गांव सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। मेडिकल कैम्प में जिला आयुर्वेदिक एवं पंचकर्म अस्पताल के चिकित्सक डॉ अमित वर्मा व डॉ राजबाला ने स्कूली बच्चो की जांच की। इस दौरान छात्राओ को हाईजीन के बारे में जानकारी दी। बच्चो के स्वास्थ्य की जांच लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी रश्मि शर्मा के निर्देशन में किया गया। कैम्प में डॉ. अमित वर्मा व भिवानी आयुष विभाग से डॉ. राजबाला ने बताया की इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य को जांचा गया है। उन्होंने बताया की बच्चे ज्यादातर अनिद्रा, सिर में दर्द, आंखों में दिक्कत से जूझ रहे है। उन्होंने बच्चों को सुबह व शाम के समय योग करने के बारे में जागरूक किया। कैम्प का उद्घाटन प्रवक्ता निर्मल ने किया।


बवानीखेड़ा। कैम्प में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पेट में कीड़े होने की ज्यादा संभावना

डॉ अमित ने लड़कों के स्वास्थ्य की जाँच की तो डॉ राजबाला ने लड़कियों के स्वास्थ्य की जांच की। डॉ राजबाला ने लड़कियों को मासिक धर्म संबधित जानकारी दी और साथ ही लड़कियों को जानकारी दी की किस तरह से वे खून बढ़ा सकती है। डॉ अमित ने बताया की लडक़ो के पेट में कीड़े होने की ज्यादा संभावना है। इस दौरान डॉ ने बच्चों को दवाई भी निशुल्क वितरित की। बच्चों को गर्मी से बचाव व अपना खान-पान अच्छा रखने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया की लड़कियों को प्रोटीन युक्त खाना खाना चाहिए। वही मोबाइल से दूरी बनाने के बारे में भी कहा कि केवल पढ़ाई के समय ही वे मोबाइल का इस्तेमाल करे। खाली समय में वे खुले मैदान में खेले ताकि एम शरीर तंदुरुस्त रहे। चिकित्सकों ने बच्चों को फास्ट फूड खाने के नुकसान भी बताए। उन्हें बाहर का खाना खाने से भी मना किया। इस अवसर पर योग सहायक दीपक कुमार, प्रवक्ता निर्मल, प्रवक्ता डॉ सुधा बुंदेला, सुमन , वेद प्रकाश, प्रवीण ठकराल, नरेश ढुल सहित अनेक स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग करें आमजन

**महेंद्रगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सुपरवाइजर, बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर एसआईआर कार्य की समीक्षा की तथा एसआईआर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि एसआईआर से जुड़े सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए।

### अनियंत्रित होकर स्कूल बस गड्ढे में उतरी

**नारनौल।** शहर के प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को स्कूल ले जाते समय अनियंत्रित होकर सड़क से गड्ढे में उतर गई। घटना के आस पास रहने वाले लोगों ने विद्यार्थियों को संभाल लिया। शहर के कुलताजपुर रोड पर स्थित एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। नहर के पार सिंघाना रोड की ओर हीरानगर कॉलोनी में विद्यार्थियों को लेने के बाद ड्राइवर ने बस को चलाया तो बस सड़क से उतर गई। हादसे के दौरान कंडेक्टर साइड के आगे व पीछे के दोनों टायर रोड के साथ गड्ढों में चले गए। किस्मत अच्छी रही बस पलटी नहीं। सड़क के नीचे बस उतरते ही विद्यार्थियों की चीख पुकार मच गई। यह सुन व देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले और बच्चों को संभाला। किसी को कोई भी चोट नहीं आई।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र (Surender) पुत्र प्रहलाद (Parhlad) निवासी गांव फरटिया ताल तहसील लोहारू जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सुरेन्द्र पुत्र प्रहलाद (Surender S/o Parhlad) है जबकि मेरे पासपोर्ट नं. P2402533 में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार पुत्र प्रहलाद राम (Surneder Kumar S/o Parhlad Ram) है। अब मैंने मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार पुत्र प्रहलाद राम (Surneder Kumar S/o Parhlad Ram) से बदलकर सुरेन्द्र पुत्र प्रहलाद (Surender S/o Parhlad) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुरेन्द्र पुत्र प्रहलाद (Surender S/o Parhlad) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

याद बहुत आते हैं वो दिन...

# पहले लोगों के पास पैसा कम होता था, मगर प्यार ढेर सारा था, छोटे-बड़े की थी इज्जत

**आज आदमी को आदमी से प्यार नहीं है। बस पैसा ही मां-बाप, भाई- बहन सब कुछ हो गया है**

**महिला, पुरूष व बच्चे होते थे हृष्ट-पुष्ट, हार्ट अटैक, शुगर और बीपी का नहीं था नामो निशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भले ही पहले पैसा नहीं था, प्यार ढेर सारा था, छोटे बड़े बुजुर्गों की इज्जत एवं सम्मान करते थे और भाईचार बहुत ही मजबूत होता था, अब लोगों के पास पैसा बहुत अधिक है, लेकिन भाईचारे की परछाई भी नहीं है, ये पुराने संस्मरण नूनसर जोहड़ निवासी 86 वर्षीय रामकुमार प्रजापत ने साझा किए। उन्होंने कवि धर्वेंद्र सिंह बेदार की कविता गुनगुनाते हुए बताया कि आदमी को आदमी से प्यार होना चाहिए, प्यार का आपसी इकरार होना चाहिए, किसलिए रखना छिपाकर इश्क के जज़्बात को, इश्क है तो इश्क का इजहार होना चाहिए, लेकिन आज आदमी को आदमी से प्यार नहीं है, बस पैसा ही मां-बाप, भाई- बहन सबकुछ हो गया है। पहले महिला-पुरूष व बच्चे हृष्ट पुष्ट होते थे, हार्ट अटैक, हार्टफेल, शुगर व बीपी का कोई नामोनिशान तक नहीं होता था।


नूनसर जोहड़ निवासी 86 वर्षीय रामकुमार प्रजापत।

## बुजुर्ग कोने में बैठने को मजबूर

रामकुमार प्रजापत ने बताया कि पहले पैसा नहीं था पर प्यार ढेर सारा था और छोटे-बड़े व बुजुर्गों की इज्जत थी, लेकिन आज घरों में माता पिता व बुजुर्गों का सम्मान नहीं रहा, बच्चों की चलती है, बूढ़े माता-पिता को घर के एक कोने में बैठा देते हैं। प्रजापत ने बताया कि पहले मकान बनाने समय घर के बाहर कोने पर बैठक जरूरत बनती थी, जो पुरूषों, भाईचारा व मेहमानों के बैठने के लिए होती थी। बैठक में बैठकर सभी पुरूष किसी मसले पर चर्चा कर उसका समाधान करते थे। उन्होंने बताया कि हर महिला पुरूष बच्चे हष्ट पुष्ट थे और हार्ट अटैक, हार्टफेल, शुगर व बीपी को नामों निशान नहीं था, लेकिन आज हर घर में फास्ट फूड का चलन ज्यादा हो गया, जिस कारण बीमारियों की भी भरमार हो गई हैं। पहले शरीर में किसी प्रकार की थकावट या कमजोरी पर ताप होना बताया जाता था, जो शरीर के तापमान बिगड़ने को दर्शाता था, लेकिन आज ताप की अनेक किस्में हो गई हैं और ताप को बुखार नाम से जाना जाता हैं, जिसके मलेरिया, डेंगू, प्लेटलेट्स गिरना, चिकनगुनिया व टाइफाइड आदि नाम शामिल हैं। रामकुमार प्रजापत ने बताया कि पहले बड़ा परिवार सुखी परिवार होता था, लेकिन आज छोटा परिवार हैं, फिर भी दुःखी परिवार हैं, सब अकेले रहकर राजी हैं, दूसरा कोई पसंद नहीं हैं। वहीं सोने का भाव 200 रुपये तोला होता था और भट्ठों पर ठेकेदार से पेसगी लेकर सोना खरीदा था। उन्होंने बताया कि पहले चाय नहीं थी और सब दूध पीते थे, हर घर में दूध, दही, लस्सी व घी खूब होता था। पहले चाय व दारू भी नहीं थी, चाय व दारू फौजियों को मिलती थी, जब भी किसी को हरारत हो जाती तो फौजी के घर से चायपत्ति, रम या बरांडी लेकर आते थे और उसको आराम हो जाता था।

# प्रतिदिन खाते थे एक पाव घी, करते थे खेत में कड़ी मेहनत, बीमारियां रहती थीं दूर

**पुराने समय में भले ही मकान कच्चे थे पर आदमी जुबान के पक्के थे**

**एक रुपये में आठ शेर चना या बाजरा मिलता था, चना व बाजरे की खाते थे रोटियां**

**नवाब जमींदारों से वसूलते थे लगान, लगान नहीं देने व गलती पर तुड़वा देते थे फांसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पहले गरीबी थी पर लोग बहुत ज्यादा मेहनती एवं खुश थे और एक दूसरे की मदद करने की सोच थी। आज भाई को भाई, पड़ोसी को पड़ोसी नहीं चाहता, सब आपा-धापी के चक्कर में पड़े हैं, अपना भला तो जग का भला वाली नीति पर चल रहे हैं। पहले प्रतिदिन एक पाव घी खाकर खेत में कड़ी मेहनत करते थे, बीमारियों का नामो निशान नहीं था, ये पुराने संस्मरण भगत सिंह मार्केट निवासी 86 वर्षीय जयमल सिंह शेखावत ने साझा किए। उन्होंने कहा कि पहले लोग एक दूसरे की मदद करने के लिए आगे आते थे, सभी एक-दूसरे के सुख-दुःख के साथी थे।


भगत सिंह मार्केट निवासी जयमल सिंह शेखावत।

## अब निकड़ दूध नहीं पचेगा

शेखावत ने बताया कि पहले घरों में भैंस रखते थे और मैं प्रतिदिन एक पाव घी खाता था, फिर खेत में कड़ी मेहनत करके उसे पचा देता था, आज दूबिया वैसे तो बिना पानी मिलाए दूध नहीं लाता, फिर भी अच्छा निकड़ दूध दे भी दें तो घर के सदस्यों का पेट खराब हो जाता है और अगले दिन दूधियों को दूध खराब होने का उल्हाना मिलता है। शेखावत ने बताया कि पहले बाजरा, चना व जौ की रोटियां खाते थे, गेहूं देखने को भी नहीं था। एक रुपये में आठ शेर चना या बाजरा आता था, मैं आठ साल का था, तब अंग्रेजों के चहेते नवाब जमींदारों से लगान वसूलते थे और जो कोई लगान नहीं देता या कोई गलती कर देता तो नवाब कचहरी लगाकर उसे फांसी तुड़वा देता था।

## घरों से गायब हो गए हैं संस्कार

जयमल सिंह शेखावत ने बताया कि पहले व आज में जमीन-आसमान का फर्क हैं। समय के बदलाव के साथ हर चीज में गिरावत आई हैं, लोग पाश्चायत संस्कृति की तरफ दौड़ रहे हैं, बच्चे मां-बाप व बुजुर्गों की नहीं सुनते, घरों से संस्कारों का गायब हो गए हैं। पहले संयुक्त परिवार होते थे, एक छत के नीचे दादा-दादी, ताऊ-ताई, मम्मी-पापा, चाचा-चाची, बहन भाई, पौते-पौतिया रहते थे। घर में किसी को कोई बात करनी होती थी तो उसकी मर्यादा थी, छुप-छुपाकर बातें करते थे, महिलाओं की आवाज सुनने को नहीं मिलती थी, लेकिन आज आदमी चुप रहता हैं और महिलाओं की आवाज पांच घर दूर तक सुनाई देती हैं। घर के सभी अच्छे बुरे फैसले मुखिया आदमी लेते थे, जो अंतिम फैसला होता था। आदमी की जुबान ही सब कुछ होती थी, जो मनुष्य के चरित्र, विश्वसनीयता एवं वचनों के महत्व को दर्शाती थी। पहले मकान बेशक कच्चे होते थे, पर आदमी जुबान के पक्के थे, उन्हें चाहे कितना भी नुकसान क्यों न उठाना पड़े, जुबान करके मुकरता नहीं थे, अब चंद पैसों के लिए चंद मिनटों में आदमी जुबान से फिसल जाता हैं।

### रास्ते पर रखे सामान उठा ले गए नगर पालिका के कर्मी

# अतिक्रमण पर चला हथौड़ा, फुटपाथ पर लगे पाइप उखाड़े और चबूतरे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**फुटपाथ पर दुकानदारों ने सामान रखकर कर रखा था कब्जा**

कई दिनों से सुस्त बैठी नप(नगरपालिका) का मंगलवार को अतिक्रमण पर हथौड़ा चला। नगरपरिषद की टीम ने घंटाघर चौक से लेकर दिनोद गेट इलाके तक दुकानों के आगे व फुटपाथों पर रखे सामान को उठाकर ट्रैक्टर ट्रालियों में लादा। फुटपाथ पर खड़े दोपहिया वाहनों को ट्राली में डाला। इनके अलावा नप की टीम ने फुटपाथ पर लगाए गए पाइपों को तोड़ा तथा वहां पर बनाए गए चबूतरों को तोड़कर फुटपाथों को खाली करवाया। नप के इस अभियान के बाद क्षेत्र के लोगों में हड़कम्प मच गया। खासकर दुकानदारों ने टीम को आता देख कर दुकानों के आगे रखे सामान को समेटना शुरू कर दिया। जो सामान टीम को बाहर मिला। उसको उठाकर ट्रैक्टर-ट्राली में लाद लिया। करीब तीन से चार घंटे तक नप का यह अभियान चलता रहा।


भिवानी। फुटपाथों पर लगाए गए पाइपों को उखाड़ते हुए। फोटो: हरिभूमि

अतिक्रमण ने अवरूद्ध किए फुटपाथ, रास्तों की घटाई चौड़ाई यहां यह बताते चले कि दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान रखने की वजह से पूरी तरह से फुटपाथ अवरूद्ध हो रहे है। दुकानदार सामान के साथ साथ वहां पर अपना वाहन भी खड़ा कर देता है। ऐसे में फुटपाथ पर निकलने की जगह न होने के चलते पैदल चलने वाले लोगों को सडक पर चलना पड़ता है। कई बार सडक पर भी दोपहिया वाहनों को किनारे पर खड़ा कर दिया जाता है तो पैदल चलने वालों को बीच सड़क से निकलना पड़ता है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है,लेकिन जिस वक्त अभियान चलता है तो उस वक्त एकबारगी सामान अंदर कर लेते है। उसके बाद फिर से दुकानदार सड़कों व फुटपाथ पर ले आते है। जिस वजह से रास्ते तंग हो रहे है।


भिवानी। दुकानों के आगे रखे सामान को उठाकर ट्राली में लादते हुए।

## फुटपाथ को करवाया पूरी तरह खाली

दोपहर करीब एक बजे नगरपरिषद की टीम घंटाघर चौक पर दुकानों के आगे रखे सामान को उठाने लगी। इस दौरान एक दो दुकानदारों न ऐतराज किया,लेकिन नप की टीम के आगे उनकी एक नहीं चली। इस दौरान दुकानों के आगे खड़े दोपहिया वाहनों को भी उठाकर ट्रैक्टर ट्राली में लादा गया। दुकानों के आगे रखे सामान को उठाया। इनके साथ साथ कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे फुटपाथ पर अस्थाई पार्किंग बनाई हुई थी। टीम ने उन पाइपों को उखाड़कर ट्राली में रखवा दिया। कई जगहों पर पाइप हाथों से नहीं उखड़े तो उसको लिए जेसीबी मंगवा कर पाइपों को हटवाया गया। फुटपाथों को पूरी तरह से खाली करवाया। कई जगहों पर दुकानदारों व मकान मालिकों ने अपने मकानों के आगे सीढियां निकाली हुई थी। जो कि सड़क तक पहुंच रही थी। फुटपाथ पूरी तरह से अवरूद्ध था। उन सीढियों को तुड़वा कर फुटपाथ को खाली करवाया।

# पुरानी तहसील में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

एसडीएम की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में तोशाम पंचायत के प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध लोगों बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुरानी तहसील वाली जगह पर ई डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की सहमति बनी। एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि तोशाम में हाई-टेक ई-लाइब्रेरी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक से करवाया जाएगा। यह ई-लाइब्रेरी तैयार हो जाने पर यह पहल प्रदेश में आधुनिक अध्ययन सुविधाओं के नए युग की शुरुआत साबित होगी, जिससे इलाके के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे।


तोशाम। अपने कार्यालय में मौजिज लोगों से बातचीत करते एसडीएम।

## शिक्षा के लिए साबित होगी मील का पत्थर

उन्होंने कहा ई-लाइब्रेरी के निर्माण, संचालन और शैक्षणिक संसाधनों के बेहतर संचालन में शिक्षा के आदान-प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होंगी। इस हाई-टेक ई-लाइब्रेरी में सैकड़ो विद्यार्थियों के एक साथ अध्ययन करेंगे। जिसमें एयर-कंडीशन सुविधा, हाई-स्पीड इंटरनेट, फायर फाइटिंग सिस्टम, मेजेनाइन फ्लोर, ग्रुप डिस्कशन चेंबर्स और ऑडियो-विजुअल रूम जैसी सुविधाएं होंगी। बैठक में नायब तहसीलदार अशोक कुमार, सरपंच राजेश तंवर, मार्केट कमेटी चेयरमैन चरणदेव महता, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ विक्रम पूनियां, पंचायतीराज से एसडीओ देवेंद्र सिंह, बिजली निगम से एसडीओ चेतन, आरएफओ बजरंग तंवर, पटवारी राजेश कुमार, पूर्व सरपंच नानकचन्द, तोशाम ग्राम पंचायत के विभिन्न पंच, मास्टर अश्वनी कुमार, रमेश कुमार आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 13 को विधायक आवास का घेराव

- संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की रणनीतिक बैठक में हुआ फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

चरखी दादरी में 13 जुलाई को होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शन एवं विधायक सुनील सांगवान के आवास के घेराव की तैयारियों को लेकर बाढ़ड़ा स्थित इंटक कार्यालय में संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में सीटू व इंटक से जुड़े नेताओं ने जिले के सभी गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। इंटक राज्य उपाध्यक्ष रामोतार खोरड़ा व भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला संयोजक सुमेर सिंह ने ग्रामीण दौरे के दौरान कहा कि निर्माण मजदूरों को श्रम पोर्टल खुलवाने के लिए 11 महीने तक लंबा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दबाव में पोर्टल तो खोला गया, लेकिन आज भी हजारों मजदूरों को पंजीकरण, नवीनीकरण और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की लापरवाही के कारण मजदूर लगातार अपने अधिकारों से वंचित हैं। जनसंपर्क अभियान में इंटक यूनियन ब्लॉक नेता रवि, सुनील, संदीप हुई, सुरेंद्र मांढी, नरेन्द डांगी, अन्नु जेवली व रवीना लाड मौजूद रहे।


बाढ़ड़ा। संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक में श्रमिक व श्रमिक नेता।

## प्राचार्य को सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

**बहल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में डॉ. भूपसिंह को प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मंगलवार को उन्होंने अतिरिक्त प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक कर महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. भूपसिंह ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत पति, सास व ससुर के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिले के गांव सांजरवास में सात माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने इसे हत्या का मामला बताते हुए दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतका के पिता की शिकायत पर बौंद कलां थाना पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम जिले के गांव नानू कलां निवासी राज सिंह चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की शादी फरवरी 2021 में सांजरवास निवासी युवक से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की पहले से जुड़वां बेटियां हैं। उस समय भी ससुराल पक्ष ने उसे परेशान किया था। वर्तमान में वह करीब सात माह की गर्भवती थी।

# एससी/एसटी अधिनियम के मामलों में समय पर मिले सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें एसडीएम ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों, पीड़ितों को दी जाने वाली राहत राशि तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्ज सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। जिला कल्याण अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध की प्रकृति के अनुसार पीड़ितों को 85 हजार रुपये से लेकर 8 लाख 25 हजार रुपये तक की राहत राशि प्रदान करने का प्रावधान है। यह सहायता हत्या, दुष्कर्म, गंभीर चोट, संपत्ति को नुकसान तथा अन्य अत्याचार संबंधी मामलों में मिलती है। उन्होंने एसडीएम को बताया कि एक फरवरी से 30 अप्रैल तक जिले में कुल आठ मामले दर्ज किए गए है। इनमें से दो मामले बिलों पर आपत्ति के कारण लंबित हैं, जबकि पांच मामलों को चंडीगढ़ मुख्यालय भेज दिया गया है। एक मामले को निरस्त कर दिया गया है। बैठक में डीडीपीओ सोमबीर कादयान, डीईओ निर्मल दहिया, डीआईओ अमित लांबा,समिति के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य श्याम लाल मेघवाल, ख्यालीराम, मुकेश, रणबीर, एडवोकेट अशोक बिडलान, संजय शर्मा उपस्थित रहे।

## पात्र को अनावश्यक परेशानी न हो

बैठक में एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि लंबित मामलों की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएं ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों की नियमित समीक्षा करने और राहत राशि वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने निरस्त किए गए एक केस के बारे में बैठक में उपस्थित सभी गैर सरकारी सदस्यों से उनकी राय जानी।

**राहत** एमसीएच यूनिट के चक्कर खत्म, शहर के लोगों को बड़ी राहत

# अब नगर परिषद कार्यालय में ही मिलेगी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र की सुविधा

**अब एक ही छत के नीचे मिलेंगी सारी सुविधाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

शहर के लोगों को बड़ी राहत देते हुए नगर परिषद ने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़ी सभी सेवाओं को अपने कार्यालय से संचालित करने की व्यवस्था लागू कर दी है। अब प्रमाण पत्र बनवाने, पंजीकरण कराने या संबंधित त्रुटियों के समाधान के लिए लोगों को एमसीएच यूनिट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पूरी प्रक्रिया अब नगर परिषद कार्यालय में ही पूरी होगी। इसके लिए परिषद परिसर में विभाग को स्थाई स्थान आवंटित कर दिया गया है, जिससे नागरिकों का समय और खर्च दोनों बचेंगे। इस सुविधा के शुरू होने से लोगों को अब दफ्तर-दफ्तर चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी।


चरखी दादरी। दादरी स्थित नगर परिषद कार्यालय। फोटो: हरिभूमि

## सेवाओं का सरलीकरण समय की मांग

बता दें कि शहर के लोगों को अभी तक जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सरदार झाड़ू सिंह चौक स्थित एमसीएच यूनिट की तीसरी मंजिल पर जाना पड़ता था। लिफ्ट खराब होने या अधिक भीड़ होने की स्थिति में बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों के परिजनों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। कई बार दस्तावेज अधूरे होने या संबंधित कर्मचारी के उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते थे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। नप कार्यालय में विभाग को स्थायी स्थान मिलने से अब जन्म-मृत्यु पंजीकरण से लेकर प्रमाण पत्र जारी करने तक की सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इससे आवेदकों को अलग-अलग कार्यालयों में भटकना नहीं पड़ेगा। क्षेत्रवासी ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं का सरलीकरण समय की जरूरत है। अस्पताल में पहले से ही मरीजों की अधिक भीड़ रहती है, ऐसे में प्रशासनिक कार्य अलग स्थान पर होने से वहां की व्यवस्था भी बेहतर होगी। नई व्यवस्था के तहत नागरिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीधे नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर आवेदन कर सकेंगे।

## मांगों को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** हरियाणा राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय प्राचार्य संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. राज पाल, प्राचार्य महिला महाविद्यालय झोझू कलां के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को लंबित समस्याओं एवं मांगों के समाधान हेतु मांग-पत्र सौंपा। डॉ. राज पाल ने बताया कि प्रदेश के राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय लंबे समय से कई प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जो एसोसिएट प्रोफेसर प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण करते हैं, उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से ही प्राचार्य पद के लाभ प्रदान किए जाएं। साथ ही, सेवानिवृत्ति के बाद भी ऐसे प्राचार्यों के लंबित लाभों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।